संक्षिप्त

शुभम ब्राह्मण युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने

चाकसू। राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी ने चाकसू कस्बा निवासी शुभम कुमार शर्मा को ब्राह्मण युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। ब्राह्मण समाज राजस्थान कार्यकारिणी के निर्णयानुसार सामाजिक सेवाओं और समाज के प्रति समर्पण के सम्मान में प्रदेशाध्यक्ष अम्बिकाप्रकाश पाठक ने शुभम कुमार शर्मा को ब्राह्मण समाज राजस्थान के युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। शर्मा की युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति पर क्षेत्र में हर्ष की लहर है लोगों द्वारा सोशल मीडिया सहित घर पहुंच कर शर्मा को बधाई दी जा रही है।

जैनब खान को सम्मानित किया

मनोहरपुर। हबीब कल्लू खान लोहानी के पोते जाफ़र खान लोहानी की बेटी ज़ारा उर्फ जैनब खान पठान को 26 जनवरी पर तहसीलदार,नगर पालिका मनोहरपुर की चेयरमैन सुनीता प्रजापत, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी हरिनयारण द्वारा सम्मानित किया गया! ज़ारा उर्फ ज़ेनब को सम्मानित होने पर मजदूर नेता अब्दुल अज़ीज़ लोहानी, पत्रकार जाफ़र लोहानी, पत्रकार फरमान पठान, कबीर पठान, अली पठान आदि ने खुशी जाहिर की है।

खाटूधाम पदयात्रा के लिए गणेश जी को निमंत्रण

अलवर। श्री गणेश श्याम पदयात्रा सेवा समिति (रजि) साहब जोहड़ा, शिवाजी पार्क के तत्वावधान में 3 मार्च 2025 से 28 वी खाटूधाम विशाल पदयात्रा एवम फागोत्सव के लिए समिति पदाधिकारियों ने होपसर्कस स्थित गणेश जी मंदिर में पूजन कर गणेश जी महाराज को निमंत्रण दिया। शिवचरण"कमल" ने बताया अलवर शहर की सबसे पुरानी पदयात्रा के 28 वर्ष पूरे हो रहे हैं खाटू श्याम मंदिर, शिवाजी पार्क से लगभग 400 पदयात्रियों का दल 3 मार्च को प्रातः खाटूधाम के लिए रवाना होगा ,जिसका रजिस्ट्रेशन 1 फरवरी से प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

परामर्श शिविर आज

चौरु। उनियारा में पुराने सामुदायिक चिकित्सालय में आज आयोजित किया जाएगा निः शुल्क यूनानी चिकित्सा तथा परामर्श शिविर,आयोजित शिविर में यूनानी विशेषज्ञ डॉ.सरफराज, डॉ.हिना, डॉ.जुबेर सारन, डॉ.रूही नाज सारन द्वारा पेट से संबंधित बिमारियों, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, डायबिटीज, साईटिका सहित अन्य बिमारियों का किया जाएगा इलाज। वहीं बिमारियों को लेकर विशेषज्ञ द्वारा बचाव हेतु दिया जाएगा परामर्श।

भामाशाह सम्मान समारोह व पूर्वछात्र मिलन समारोह

निवाई। राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान समारोह व पूर्वछात्र मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच शिवजीराम जाट, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मेघराज बोकण, बुद्धिप्रकाश पारीक, ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष कमलेश गौतम रहे। कार्यक्रम में मेघावी विद्यार्थियों व खेल मे भाग लेने वाले छात्र-छात्राओ को पारितोषिक व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अंजु शर्मा, राकेश गुर्जर, शारीरिक शिक्षक बुद्धिप्रकाश गुर्जर, अमित शर्मा, ममता सैनी, अर्चना चौधरी व प्रेम आदि मौजूद थे।

निःशुल्क बीपी, शुगर एवं परामर्श शिविर कल

श्रीमाधोपुर । लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा हर माह के अंतिम दिन लगाए जाने वाला 43 वां शिविर इस माह 31 जनवरी को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी हॉस्पिटल स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर में लगाया जाएगा। लायंस क्लब के सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि शिविर में रोगी निःशुल्क मधुमेह जांच, बीपी जांच और वजन करवा सकते हैं तथा साथ ही डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी निःशुल्क परामर्श भी देंगे। आयोजकों ने श्रीमाधोपुर और आसपास के क्षेत्र के लोगों से सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

'जल संरक्षण स्थलों को ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर होगा कार्य'

अलवर । जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को थानागाजी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जोधावास के ग्राम टोडी लुहारान एवं ग्राम श्यामपुरा में कम्यूनिटी मोबिलाइजेशन के माध्यम से रिलैक्सो फुटवियर्स लि. के द्वारा सीएसआर कार्यक्रम के तहत ग्रामोदय सामाजिक संस्थान के सहयोग से निर्मित आरसीसी एनीकट कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम पंचायत बछेडी में रिलेक्सो द्वारा जनसहयोग से लगाए गए 50 हजार पौधों का निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर ने लोकार्पण कार्यक्रम में रिलैक्सो फुटवियर्स लि. एवं ग्रामोदय सामाजिक संस्थान द्वारा सीएसआर व जनभागीदारी से निर्मित कराए गए आरसीसी एनीकट निर्माण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जल संरक्षण के कार्य जीवन संरक्षण के समान है। उन्होंने कहा कि एनीकट निर्माण से बूंद-बूंद जल का संरक्षण होने के साथ-साथ क्षेत्र के भूजल स्तर में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कम्पनी के पदाधिकारियों से कहा कि इस तरह के जल एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य जिले में अन्य जगह भी करवाएं जिसमें जिला प्रशासन द्वारा हर तरह का सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अलवर जिले में जल संरक्षण के लिए शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एनीकट, तालाब, बावडी इत्यादि संरचनाओं के निर्माण के कार्य प्रगतिरत है जिसमें सरकारी योजनाओं के साथ नाबार्ड, सीएसआर, भामाशाह एवं आमजन के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

थानागाजी क्षेत्र में पौधारोपण एवं एनीकेट तालाब बावड़ी का निरीक्षण करने पहुंची जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला व अधिकारी।

- थानागाजी में एनीकट निर्माण कार्यों का जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने किया लोकार्पण

जल संरक्षण के कार्यों से भूजल स्तर सुधरने के साथ क्षेत्र भी हराभरा हुआ है। जिले के कई जल प्रभावित क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों के संबंधित उपखण्ड अधिकारियों, विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत, सीएसआर व जनसहयोग से इन क्षेत्रों को ईको ट्यूरिज्म व ग्राम ट्यूरिज्म क्षेत्रा के रूप में विकसित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरिस्का वन क्षेत्र से नजदीकी के कारण ग्रामीण पर्यटन के रूप में विकसित होने की संभावनाओं के मद्देनजर ईको ट्यूरिज्म साइट व होम स्टे के रूप में विकसित हो सकेंगे।

उन्होंने ग्राम पंचायत बछेडी में रिलैक्सो द्वारा जनसहयोग से करीब डेढ करोड रूपये की लागत से लगाए गए 50 हजार पौधारोपण कार्य का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में जिला परिषद के सीईओ आर.एस चौहान, उपखण्ड अधिकारी थानागाजी मुकुल दीक्षित, वाटरशेड के अधीक्षण अभियन्ता नरेन्द्र सिंह मोथू व रिलेक्सो के कार्यकारी निदेशक सुशील बत्रा, ग्रामोदय सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष केदार प्रसाद श्रीमाली , उदयनाथ धाम के महाराज एवं बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

प्रचार रथ को किया रवाना

निवाई। करने वाले श्याम कराने वाले श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में तृतीय श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्य ने बताया कि महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारिया जोर-शोर से की जा रही है। महोत्सव के प्रचार प्रसार के लिए श्याम मन्दिर से प्रचार रथ को फीता काटकर रवाना किया गया।

बैठक में जिसमें कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। साधु-संतों एवं जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों को निमंत्रण दिया गया। 8 फरवरी को कंकाली माता मंदिर से श्रीश्याम मन्दिर तक भव्य नगर निशान यात्रा एवं भ्रमण का आयोजन होगा व 9 फरवरी को श्याम मन्दिर प्रांगण में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में बाबा श्याम को रिझाने के लिए कलकता से सुभम-रूपम, दौसा से अजय शर्मा, दिल्ली से शिवम म्यूजिकल ग्रुप व राजू खंडेलवाल सहित कई गायक भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

बंद कट को खुलवाने के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

पावटा। कस्बा राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित सीएचसी कट को एनएचएआई की टीम ने बंद कर दिया गया है, ताकि सड़क हादसों पर लगाम लग सके। बस स्टैंड से महज 200 मीटर की दूरी पर सरकारी अस्पताल है। लेकिन सीएचसीकट बंद होने के बाद आपातकालीन सेवाओं के लिए महज केवल सर्विस रोड ही बचता है। यहां पर हर समय एंबुलेंस व निजी वाहनों से गंभीर मरीजों का आना जाना रहता है। लेकिन दिन में बैंक के सामने व सर्विस रोड के दोनो तरफ लोग अपने वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है। वही सर्विस रोड किनारे दोनो तरफ चोपहिया व दुपहिया वाहन खड़े होने से जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इससे अक्सर मरीज लेकर आए वाहन यहां पर जाम में फंस जाते हैं। इस संबंध में बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपजिला अस्पताल के सामने एनएचआई द्वारा बंद किये गए कट को खुलवाने की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटपुतली ओमप्रकाश सहारण को ज्ञापन सौंपा। लोगों का कहना है कि बैंक, मॉल, दुकानों के सामने लोग दुपहिया व चार पहिया वाहन खड़ा करते हैं। वही सर्विस रोड पर वाहनों की अवैध पार्किंग बनी हुई है।जबकि लोगों ने जाम के संबंध में संबंधित अधिकारियों को उनको कई बार जानकारी भी दी। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पावटा बस स्टैंड से महज 200 मीटर की दूरी पर सरकारी अस्पताल है। यहां स्थानीय के साथ दूर दराज के मरीज इलाज कराने पहुंचते रहते हैं। जबकि सड़क पर गलत तरीके से वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। इससे अस्पताल आने वाले एबुलेंस व निजी वाहनों के मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कई बार हादसे में घायल को एंबुलेंस या अन्य वाहन से लाते समय सर्विस रोड पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों के कारण जाम में घंटों फंसा रहना पड़ा। इस दौरान इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता ओ पी बायला, किसान नेता करतार सिंह शेखावत, समाजसेवी गिरधारी खोला, नाहर सिंह यादव, धर्मपाल जाट, किसान नेता शेरसिंह यादव, नरेश सिसोदिया, दाताराम यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने उपजिला अस्पताल के सामने बंद किये गए कट को खुलवाने की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

श्रीमाधोपुर को स्वच्छ, सुरक्षित व हरित शहर बनाने की मांग

श्रीमाधोपुर । जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति, श्रीमाधोपुर के सोजन्य में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के विभिन्न आवश्यक विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। इसके उपरांत समिति के सदस्यों द्वारा नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी, श्रीमाधोपुर को सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से निम्नलिखित मांगें रखी गई शहर के प्रमुख चौराहों एवं बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

- समिति के सदस्यों द्वारा नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपा

इसके लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा सर्वे करवाकर उचित कार्ययोजना बनाई जाए। शहर में सार्वजनिक पार्क का विकास किया जाए, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ वातावरण में घूमने एवं व्यायाम करने की सुविधा मिल सके। विगत वर्षों में समिति द्वारा विभिन्न स्थानों पर किए गए वृक्षारोपण की देखभाल एवं सिंचाई का कार्य नगर पालिका के माध्यम से करवाया जाए।

प्रमुख स्थानों में जालपाली मोड़ से रेलवे स्टेशन, खंडेला बाईपास तिराहा, कब्रिस्तान चौराहा एवं पंचावली फाटक से नांगल भीम रोड शामिल हैं।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. माधव सिंह, सचिव प्रदीप धायल एवं सदस्य साधुराम सैनी, सीताराम सैनी, राजू बागवान, रामजीलाल शर्मा, शिवकुमार वर्मा, ताराचंद मीणा चीता, सुभाष चंद्र चेजारा, डॉ. बी.एल. सैनी, मुकेश बल्डवाल, विनीता सैनी सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।समिति ने आशा व्यक्त की कि प्रशासन शीघ्र ही इन मांगों पर सकारात्मक कदम उठाएगा, जिससे श्रीमाधोपुर शहर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित शहर बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य हो सके।

श्रीमाधोपुर शहर के विकास हेतु ज्ञापन सौंपा।

कस्बा पुलिस चौकी के सामने कचरा हटाने की मांग

मालपुरा। सबका साथ सबका विकास का नारा देकर सत्ता मे आई भारतीय जनता पार्टी का मालपुरा मे नगरपालिका बोर्ड काबिज होने के बावजूद शहर मे विकास कार्य होना तो दूर रोजाना शहर की सफाई व कचरा निस्तारण तक नही होने से कानून के मंदिर कस्बा पुलिस चौकी के सामने लगे गंदगी के ढेर अर्थात यूं कहे कि चौकी के सामने बना अस्थाई कचरा डिपो मालपुरा शहर के विकास की कर रहा है जमीनी हकीकत बयां। पैंतीस वार्डो मे विभाजित पचास हजार की आबादी वाले मालपुरा शहर मे भारतीय जनता पार्टी का पालिका बोर्ड बने चार साल पूरे हो चुके। भाजपा बोर्ड का महज एक वर्ष शेष रहा है। तीन साल तक प्रदेश मे कांगेस की सरकार होने व द्वेषतापूर्ण मालपुरा पालिका को बजट नही मिलने का ढिंढोरा पीट भाजपा के पार्षद शहरवासियो को यह आश्वासन देते रहै कि प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनते ही शहर मे विकास की गंगा बहेगी। ऐतिहासिक विकास कार्य होगें। मालपुरा शहर राजस्थान मे विकास का मॉडल बनेगा। लेकिन यह सभी दावे व आश्वासन आज तक हकीकत मे नही बदल सके। प्रदेश मे भाजपा की सरकार को काबिज हुये एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। लेकिन पालिका को स्थाई ईओ तक नही मिल सका। लम्बे समय से एसडीएम या तहसीलदार ईओ का अतिरिक्त कार्यभार देख रहै है। मार्च 2०24 मे सफाई ठेका समाप्त हो जाने के बावजूद दस महीने बाद भी सफाई ठेका तक नही होने व सफाईकर्मियो को समय पर भूगतान नही होने के साथ-साथ घर-घर कचरा संग्रह के लिये पालिका प्रशासन के पास करोडो रूपयो के ऑटोकीपर, जेसीबी, ट्रेक्टर कार्यालय परिसर मे धुल चाट रहै है।

सबसे गंभीर बात तो यह है कि राजकोष से मोटी राशि खर्च कर विभाग द्वारा मालपुरा पालिका को ईओ ऑटोकीपर उपलब्ध करवाये गये थे। जो बीते दो साल मे एक बार भी कार्यालय से बाहर नही निकल पाये। बिना उपयोग के ही यह ई ऑटोकीपर कबाड मे तब्दील हो गये है। शहर मे जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर व कचरे से भरी पडी नालिया व बरसाती नाले आमजन के लिये गले की फांस बने हुये है। आमजन को सुगम कानून व्यवस्था मुहैया करवाने के लिये बनी कस्बा चौकी के सामने व आदिनाथ जैन मंदिर, तेरह पंथीयान जैन मंदिर एवं शिक्षा के मंदिर दो विद्यालयो के पास लगे गंदगी के ढेर शहर मे विकास के दांवो के साथ-साथ पालिका प्रशासन व पार्षदो की सजकता की व सच्चाई बयां कर रहै है।

'उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर उज्जवल भविष्य का करें निर्माण'

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, प्रमुख उद्योगपति आपी गुप्ता, बृजमोहन शर्मा अलियाबाद व प्रधानाचार्य देवेन्द्रपालसिंह चौधरी ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करके उज्जवल भविष्य का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि शिक्षकगण शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देवें। सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक कार्य करें। शिक्षा के क्षेत्र में पूर्व छात्र व भामाशाह विद्यालय के विकास के सहयोग में भूमिका निभाएं। प्रधानाचार्य देवेन्द्रपालसिंह ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों व सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

- भामाशाह व प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

इस अवसर पर बुधराम मीणा, आशाराम डोई, सियाराम शर्मा खेडा, हनुमान गुर्जर, नवरत्न शर्मा सोहेला, जगदीश चौधरी हाडीकलां, डॉ सीताराम स्वामी, प्रधानाचार्या लक्ष्मी शर्मा, विष्णुकांत शर्मा, श्वेता नागर, प्रहलादराम गुर्जर व रामबाबू शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रजवास में वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गयबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ व बालिका दिवस आदि बिंदुओं पर नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम के अतिथि जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि श्रीराम चौधरी, सरपंच कानाराम जाट, ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल, भामाशाह कौशलकिशोर जाट ने बच्चों को प्रोत्साहित करके बच्चों में ऊर्जा बढ़ाने का प्रयास किया। कार्यक्रम का मंच संचालन भवानीशंकर निराला ने ने किया। इस अवसर पर रमेशचन्द गुर्जर, भगवानसहाय जाट, किशन चौधरी, सूरज चौधरी, रामलाल बैरवा, हेमराज वर्मा व जीतराम चौधरी सहित कई प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। इसी प्रकार पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में राइजिंग राहोली एजुकेशन समिट 2025 का भव्य आगाज हुआ।

राइजिंग राहोली कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग व भामाशाह, शिक्षा क्षेत्र उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षक व विद्याथियों व पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रामजीलाल बैरवा, लवेश मीना, पंचायत समिति सदस्य शंकरलाल अटल व समाजसेवी शंकरलाल हाथीवाल रहे।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजन हुआ।

चेक अनादरण के आरोपी को एक साल का कारावास

श्रीमाधोपुर। स्थानीय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या -2 पायल गौतम ने सुनाए गए अपने एक निर्णय में चेक अनादरण के एक आरोपी को 1 साल के कारावास से दंडित किया है तथा चेक राशि 05 लाख रूपए के लिए 07 लाख रुपये भुगतान करने के आदेश दिए हैं प्रकरण के अनुसार परिवादी राधेश्याम जांगिड़ पुत्र कन्हैया लाल जांगिड़ निवासी नावलाई (बागरियावास) से आरोपी पवन शर्मा पुत्र प्रभु दयाल शर्मा निवासी रायपुर (छत्तीसगढ़) हॉल सिमारला (कोटडी)ने घरेलू आवश्यकता के लिए 05लाख रुपए उधार लिए थे जिसके लिए ली गई रकम के भुगतान की एवज में आरोपी ने परिवादी को एक चेक अपने बैंक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा पापड़ी ,रायपुर (मध्य प्रदेश)का दिनांक05.10.2013 को देय का दिया था। परिवादी ने इस चेक को अपने बैंक खाते में लगाया जो 15.10.2013 को बाउंस हो गया। इस पर परिवादी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी को 23.10.2013 को विधिक नोटिस भिजवाया।

सार-समाचार

विद्यार्थियों के हित के लिए कदम उठाए

सांभरझील, (निसं)। यहां के भामाशाहों की तरफ से विद्यार्थियों के हित में उठाए जा रहे लगातार बेहतर कदम का अनुसरण करते हुए नागरिक विकास समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार गट्टानी खुद की तरफ से राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के लिए आधुनिक तरीके से पढ़ाई सुनिश्चित करने हेतु एक स्मार्ट बोर्ड स्कूल प्रशासन को भेंट करेंगे। इसी क्रम में स्कूल प्रशासन व विद्यार्थियों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो इसके लिए सत्य अवतार गट्टानी द्वारा एक भव्य जल मंदिर बनाए जाने की घोषणा करने के बाद सभी विद्यार्थियों ने उनका करतल ध्वनि से अभिनंदन किया। यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर अंक लाने व अनेक क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली होनहार प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो दिए गए। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष अध्यक्ष बाल किशन जांगिड़, नागरिक विकास समिति के अध्यक्ष अनिल गट्टानी, सचिव जितेंद्र डांगरा,भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, पार्षद भारत सैनी, विजय प्रजापत, थानाधिकारी राजेंद्र यादव व अभिभावकों की उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य टीकमचंद मालाकार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूर्व विधायक का किया अभिनन्दन

चौमू / कालाडेरा । ग्राम पंचायत कालाडेरा के कुमावत बाढ़ में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वार्ड न 11 मे बुधवार को नवीन कक्षा कक्षों के निर्माण पर ग्रामवासियों और विद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का अभिनन्दन किया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भामाशाहो एव बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक शर्मा का माला व साफा पहनाकर आभार जताया गया। विद्यालय प्रशासन की मांग पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने विद्यालय में विज्ञान संकाय और दो कक्षा कक्ष निर्माण की घोषणा की। इस मौक़े पर पूर्व विधायक शर्मा ने बच्चो के सर्वांगीण विकास और मोबाइल के दुष्परिणामों को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर गोविन्दगढ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, गोविन्दगढ पंचायत समिति सदस्य हनुमान चुदवाल, शक्ति केन्द्र प्रभारी सोहन कुमावत, जीवनराम कुमावत, महादेव सांखला, रामेश्वर ममोडिया, मदन, बनवारी, श्रीकृष्ण कुमावत सहित ग्रामीणजन व विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

श्रीमाधोपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय होद में खेल सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। खेल सप्ताह के तीसरे दिन प्राचार्य मालीराम वर्मा की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ। प्राचार्य ने खेल के प्रति बालिकाओं को प्रोत्साहित किया एवम आज के दौर में खेल से बनने वाले करियर रोजगार की जानकारी दी। खेल प्रभारी डॉ हंसराज चौहान ने बताया राजकीय कन्या महाविद्यालय होद, मे 29 जनवरी बुधवार को खेल सप्ताह के तीसरे दिन कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कब्बड्डी प्रतियोगिता में अंकिता, मोनिका एंड टीम विजेता रही । इस अवसर पर डॉ आशीष फोगावट, सुरेश मिठारवाल, श्रीमती सुधा, श्रीमती अभिलाषा, अमित गर्ग, अनिल कुमार शर्मा, डॉ अजय कुमार जांगिड एवं रजनीश सिद्धार्थ, गुरुदयाल सिंह, सुरेश बिवाल, मूल चंद आदि उपस्थित रहे।

राजेश को मिली अध्यक्ष की कमान

सांभरझील, (निसं)। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को कार्यकर्ताओं के माध्यम से समूचे फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचाने, कार्यकर्ताओं के टूटे दिलों को जोड़ने में प्रमुख भूमिका निभाने, कार्यकर्ताओं को एकजुटता से प्लेटफार्म पर लाने का काम करने पर प्रदेश संगठन की ओर से बेहतर परफॉर्मेंस को ध्यान में रखते हुए जयपुर जिला देहात अध्यक्ष पद पर राजेश गुर्जर को फिर से जिम्मेदारी सौपी गई है। बता दें कि गुर्जर ने विधानसभा व नगर पालिका के चुनाव में बूथ लेवल पर कार्यकर्ताओं को आम जनता तक संदेश पहुंचाने के अनेक गुर सिखाए थे। गुर्जर के पुनः अध्यक्ष बनने पर स्थानीय भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा, पार्षद अनिल कुमार गट्टानी, मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी दिव्य राजवीर गुर्जर, पार्षद धर्मेंद्र जोपट, पूर्व पार्षद विष्णु कुमार सिंघानिया, रामलाल मालाकार, किसान मोर्चा के युवा कार्यकर्ता विनोद मालाकार, पार्षद सुशीला शर्मा, राजेश पारीक, सत्यनारायण स्वामी, चंद्रप्रकाश माली, विनोद सांभरिया, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, संजय नार्नोली, संतोष सांभरिया, गोपाल टाक, वर्धमान काला, प्रेमचंद माली, नंदकिशोर कुमावत सहित अनेक ने उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त किया।

बेंकिट हॉल का शिलान्यास 31 को

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज एवं मुनि निपूर्णनन्दी महाराज संघ के सानिध्य में 31 जनवरी को अग्रवाल सेवा सदन में नवीन बेंकिट हाल का निर्माण किया जाएगा जिसका शिलान्यास प्रमुख उधोगपति सुशीलकुमार जैन, नीरा जैन एवं राहुल जैन आरामशीन को सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि 31 जनवरी को अग्रवाल सेवा सदन में पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री के मंत्रोच्चार द्वारा 72-127 साईज में बेंकिट हाल का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज निवाई द्वारा गाजे बाजे के साथ शिलान्यास कर्ता का राजस्थानी परम्परा अनुसार स्वागत किया जाएगा। इस दौरान विराजमान जैन चतुर्विध संघ ने सभी पुण्यार्जक परिवार को भरपूर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। हितेश छाबडा ने बताया तीर्थ क्षेत्र कमेटी जैन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन महामंत्री जवाहरलाल जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेशचन्द तिजारिया, महामंत्री उदयभान जैन, महेन्द्र बैराठी, सांध्य लक्ष्मी चेनल के डायरेक्टर शरद जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट मेधा जैन, वास्तुकार संजय जैन निवाई के शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर पहुंचे जहां दिगम्बर जैन अग्रवाल समाज अध्यक्ष विष्णु बोहरा एव अग्रवाल मंदिर अध्यक्ष प्रेमचन्द गिंदोडी के नेतृत्व में जैन समाज ने स्वागत किया।

प्रतिभाओं को किया सम्मानित

निवाई। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसड़ी रामपुरा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि वनस्थली सरपंच रविकांत शर्मा रहे। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सूरजमल बैरवा ने की। अध्यापक सत्यनारायण प्रजापति ने बताया कि समारोह में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं विभिन्न शैक्षिक, सहशैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं भामाशाहों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर शमा बांध दी। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए आदर्श विद्यार्थी का जीवन जीने हेतु प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यापक राजेंद्र दीपक, महेश सिंह राजावत, अंजू यादव व हनुमानलाल रमडवाल सहित कई अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।

इको क्लब रैली का आयोजन

टोंक। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड वार्षिक कार्यक्रम के तहत स्काउट गाइड, इको क्लब प्रभारी ट्रेनिंग काउंसलर सेमिनार का आयोजन पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूनी में किया गया। कार्यक्रम प्रभारी मनीषा जैन ने बताया इस कार्यक्रम में दूंनी एवं नगर फोर्ट क्षेत्र के विद्यालय के स्काउट गाइड इको क्लब प्रभारी अध्यापक अध्यापिकाओं ने भाग लिया। स्काउट गाइड द्वारा नेशनल ग्रीन कोर इको क्लब जागरूकता रैली निकाली गई। सीओ गिर्राज गर्ग ने स्काउट गाइड जुड़ी हुई सभी गतिविधियों को विस्तृत रूप से बताया। स्थानीय संघ सचिव द्वारका प्रसाद प्रजापत ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान भंवर लाल कुम्हार द्वारा की गई।